हेल्पलाइन केंद्र के 1950 नंबर पर निस्तारण तुरंत कर दिया जाता है। किड्स सिस्टम को लागू करने में बालावाली शाखा को दिया गया।

यूटीयू एनुअल एथलेटिक्स एंड टेक्नो-कल्चरल फेस्टिवल का समापन

बिरला इंस्टीट्यूट बना ओवरऑल चैम्पियन

■ रिफात बने मिस्टर यूनिवर्सिटी 2024 और लतिका धामी बनी मिस यूनिवर्सिटी

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) का तीन दिवसीय द्वितीय ''एनुअल ऐथलेटिक्स एंड टैक्नो-कल्चरल फेस्टिवल-2024'' का गुरूवार को समापन हो गया।

विवि के कुलपति प्रो. वी.के. तिवारी ने कौथिग-2024 के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि समय पर जब भी इस तरह के इवेन्ट्स हों तो उनमें अपनी प्रतिभागिता अवश्य करनी चाहिए। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ''एनुअल ऐथलेटिक्स एंड टैक्नो-कल्चरल फेस्टिवल-2024'' में मंगलवार को छात्र-छात्राओं की टीमों के बीच विभिन्न प्रतिस्पर्द्धाएं हुयीं विभिन्न छात्र-छात्राओं की टीमों के मध्य हुई खेल प्रतियोगिताएं जिसमें 100 मीटर की दौड़ में 19 टीमें, 200 मीटर की दौड़ में 15 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें पहले दिन दो-दो राउण्ड के खेल के बाद दूसरे दिन बुधवार दोनों प्रतिस्पर्धाओं में फाइनल राउण्ड खेला गया। और फाइनल राउण्ड के परिणाम के बाद बालक वर्ग से 100 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता में शिवालिक कॉलजे ऑफ इंजीनियरिंग के छात्र गौरव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडलिस्ट बने जबकि इसी कॉलेज के छात्र अकक्षत ने दूसरा स्थान प्राप्त कर सिल्वर मैडल पाने में सफल रहे। जीआरडी इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र विनय ब्रॉन्ज मैडल के साथ तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग से 100 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता में शिवालिक कॉलजे ऑफ इंजीनियरिंग की छात्रा परिशमा ने पहला स्थान, बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ अप्लाइड साइंस, भीमताल की छात्रा संगीता ने दूसरा प्राप्त किया।

महिला प्रौद्योगिकी संस्थान देहरादून की छात्रा कनक ब्रॉन्ज मैडल के साथ तीसरे स्थान पर रही। उधर बालक वर्ग के 200 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता में किंग्स्टन कॉलेज के छात्र शिवम ने पहला स्थान, शिवालिक कॉलजे ऑफ इंजीनियरिंग के छात्र गौरव ने दूसरा स्थान, डॉ. अब्दुल कलाम इंस्टी्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी टनकपुर के छात्र दिव्यांश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग के 200 मीटर दौड़ में महिला प्रौद्योगिकी संस्थान देहरादून की छात्रा विल्माजीत ने गोल्ड मैडल हासिल किया। बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ अप्लाइड साइंस, भीमताल की छात्रा अमिषा दूसरे स्थान पर रही, फैकल्टी ऑफ टैक्नोलॉजी की छात्रा प्रभा ने ब्रॉन्ज मैडल के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में छात्रों में जेबीआईटी ने पहला व टी.एच.डीसी टिहरी ने दूसरा व एसडीबीआईओ ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

भाला फेंक छात्र वर्ग में तुला इंस्टीट्यूट ने प्रथम व नन्ही परि सीमान्त इंस्टीटयूट ऑफ इंजीनियरिंग पिथौरागढ़ ने दूसरा व फैकल्टी ऑफ टैक्नोलॉजी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक बालिका वर्ग में बीआईए ने प्रथम व महिला प्रौद्योगिकी संस्थान (डब्ल्यू.आई.टी.) ने दूसरा स्थान व तुला इंस्टीट्यूट ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर कॉर्डिनेटर डॉ मनोज कुमार पाण्डा, डॉ0 विशाल रमोला, खेल प्रभारी विकास चौहान, सनिल रावत, सोसियो हैकाथॉन प्रभारी डा0 संदीप सिंह नेगी, गणेश खण्डूरी, डा. अमित कुमार, राहुल बहुगुणा कोनिका मुखर्जी तथा सभी विभिन्न संस्थानों के निदेशक, छात्र, शिक्षक विश्वविद्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।